# कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चतरा

वन भवन, स्थान+पो0+जिला – चतरा, झारखण्ड – 825401

Telefax – 06541-253690, Email – cf-chatra@gov.in


पत्रांक :– दिनांक :–

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,
हजारीबाग।

**विषयः–** **ग्राम बोंड़ा, थाना–हंटरगंज–133, खाना नं0–85, प्लॉट नं0–40 पर 132/33 के0वी0 ग्रिड सब–स्टेशन निर्माण हेतु 4.04 हे0 अधिसूचित वन भूमि अपयोजन के संबंध में।**

प्रसंगः– आपका ज्ञापांक 2879 दिनांक 19.12.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि विषयक परियोजना ग्राम बोंडा, थाना–हंटरगंज–133, खाना नं0–85, प्लॉट नं0–40 पर 132/33 के0वी0 ग्रिड सब–स्टेशन निर्माण हेतु 4.04 हे0 वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव ऑन–लाईन तथा हार्ड कॉपी में प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची का पत्रांक 678 दिनांक 19.06.2019 के माध्यम से अपर मुख्य सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची को समर्पित है।

विषयक परियोजना में सरकार के वन विभागीय पत्रांक 2717 दिनांक 19.07.2019 द्वारा वनभूमि अपयोजन के लिए क्षतिपूरक वनरोपण हेतु गैर वनभूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा गैर मजरूआ खास जंगल–झाड़ी मौजा–नावाडीह, पनारी एवं केवाल में रकवा–8.08 हे0 संबंधी सुसंगत अभिलेख सहित प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 1120 दिनांक 02.11.2022 द्वारा सरकार को प्रतिवेदन समर्पित किया गया। तत्पश्चात् सरकार के पत्रांक 3428 दिनांक 25.11.2022 द्वारा भवदीय के पत्रांक 1298 दिनांक 08.07.2019 से प्रतिवेदित मंतव्य पर वैकल्पिक स्थल संबंधी प्रतिवेदन की मांग की गई। उपरोक्त तथ्यों के आलोक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमंडल ने अपने पत्रांक 61 दिनांक 06.01.2023 द्वारा प्रयोक्ता अभिकरण से पुनः वैकल्पिक स्थल चयन हेतु निदेशित किया। इस क्रम में प्रयोक्ता अभिकरण ने अपने पत्रांक 17 दिनांक 12.01.2023 (छाया प्रति संलग्न) द्वारा वैकल्पिक स्थल का प्रस्ताव वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमंडल को समर्पित किया गया। विषयक परियोजना का प्रस्ताव हेतु वैकल्पिक स्थल क

चयन कर लिया गया है। इसका स्थलीय निरीक्षण वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमंडल द्वारा दिनांक 14.01.2023 को किया गया जिसमें पाया गया कि पूर्व के प्रस्तावित स्थल के प्लॉट पर ही नये स्थल का चिन्हित किया गया जिसमें कुल 152 वृक्षों के पातन होगा।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में गये नये प्रस्तावित स्थल उक्त ग्रिड सब स्टेशन के लिए उपयुक्त है, जिसका वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमंडल द्वारा नये चयनित स्थल का फोटोग्राफ्स तथा प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समर्पित की गई Geo-Reference Map, Topo Map, Kml File, Cadastral Map, Tree Enumeration List इत्यादि इस पत्र के साथ संलग्न कर छः प्रतियों में आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जा रही है। पूर्व में ही उक्त प्लॉट के लिए उपायुक्त, चतरा द्वारा FRA प्रमाण पत्र तथा अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया जा चुका है।

वृक्षों का गणना सूची का सारांश निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | सागवान | – | 66 पेड़ |
| (ख) | महुआ | – | 31 पेड़ |
| (ग) | शीशम | – | 55 पेड़ |
| | कुल : | – | 152 पेड़ |

सादर सूचनार्थ आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

**अनुलग्नक–यथोक्त**

आपका विश्वासी

ह0/–

वन संरक्षक

प्रादेशिक अंचल, चतरा

ज्ञापांक : 119 दिनांक : 08.02.2023

प्रतिलिपि :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

9/2/2023

वन संरक्षक

प्रादेशिक अंचल, चतरा